# नव प्रभा

## हिंदी अध्यापन मार्गदर्शक

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET)
कोट्टयम

सदस्य:

1. बाबु जोसफ़ - सेंट थॉमस HSS पाला
2. डॉ बीना बी एस - GHSS इटक्केली
3. जेसिमोल के जे - सेंट मैकिल्स HSS प्रवित्तानम्
4.गिरिजा एस - NSSHSS किडङ्डूर

5 बिनु के पवित्रन
इनफन्ट जीसस हाई स्कूल वटयार
6 जोसफ पी के
सेंट माईक्किल्स एच एस एस कुटवेच्चुर
7 जोषी जोर्ज
सेंट सेवियेर्स वी एच एस एस कुरुप्पन्तरा
8 . मिनी बी
वी एच एस एस
व्रह्ममंगलम

9 -मोन्सी कुरियाकोस (एस एच मौंट हाई स्कूल नट्टाशेरी)
10 सजिनी साम (गवः बोईस एच एस एस पुतुप्पल्लि)

11 डॉ सिन्धुमोल टी,एच एस टी हिंदी, जी वी एच एस एस तिडनाड़
12 दामोदरन पी पी , एच एस टी हिंदी,जी एच एस कप्पाड़
13 सती एम आर, एच एस टी हिंदी,जी एच एस कुष़िमाव
14 प्रीतिमोल टी पी , एच एस टी हिंदी, जी एच एस एस इडक्कुन्नम
15 Rajesh K Puthumana

Co- ordinator
Smitha Sankar
Lecturer
DIET, kottayam

DIET KOTTAYAM

## ഹിന്ദി (THIRD LANGUAGE)

| യൂണിറ്റ് | പാഠം |
|---|---|
| इकाई 1 | 1. बीरबहूटी<br>2. हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था<br>3. टूटा पहिया |
| इकाई 2 | 4. आई एम कलाम के बहाने<br>5. सबसे बड़ा शो मैन |

DIET KOTTAYAM

# समय बहुत कम है...

ലഭ്യമായ സമയം ഏറെക്കുറവായതിനാൽ സമയബന്ധിതമായും മുഴുവൻ സ്കോറും നേടാൻ പഠിതാക്കളെ സഹായിക്കാനുതകും വണ്ണവും പ്രവർത്തനങ്ങൾ ഒരുക്കുന്നതിനുള്ള ഘട്ടങ്ങൾ ആണിവ. കോട്ടയം ജില്ലയിലെ റിസോഴ്സ് അദ്ധ്യാപകരുടേയും DIET ൻ്റെയും നേതൃത്വത്തിൽ തയ്യാറാക്കിയത്.

## समय की कमी को ध्यान में रखकर हम क्या क्या कर सकते हैं?

1 पाठ का पुनर स्मरण करने का अवसर देना।

2 मौखिक एवं लिखित रूप में सरल प्रश्नोत्तर के द्वारा पाठ का विश्लेषण ।

3 प्रोक्तिपरक उत्तरों से संबंधित प्रसंगों का विवरण ( डायरी, वार्तालाप etc)

4 हो सके तो प्रसंगों के आधार पर रचना कार्य करने का अवसर पहले गृहकार्य के रूप में देना है, यह ऊँचे स्तर के छात्रों के लिए एक अवसर है।

5 रचना कार्य की प्रस्तुति के लिए सीमित अवसर देना।

6 टीचर वेरशन की प्रतिलिपि छात्रों को देना हैं, बाद में व्याख्या ।

7 मूल्य बिंदुओं पर अवश्य जानकारी देना है।

8 प्रत्येक परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र का नमूना अवश्य होना है। (स्वयं तैयार करना है)

9 प्रश्नों का स्पष्टीकरण भी ज़रूर होना है ।

10 उत्तर पुस्तिका कक्षा में नहीं वैयक्तिक रूप में ही वापस देना है।

11 उपचारात्मक शिक्षा पर ज़रूर ध्यान देना है।

12 पाठ से संबंधित अन्य प्रश्नों की संभावना पर चर्चा ।

FOCUS AREA की पूर्ति के बाद अन्य इकाईयों के बारे में टीचर वेरशन की सहायता से जानकारी दे सकते हैं। प्रश्नों के प्रसंग एवं अनेक प्रकार के प्रश्नों से हम बिलकुल परिचित हैं। सरल रूप में ही उत्तर (Teacher Version) तैयार करना है।

DIET KOTTAYAM

# टूटा पहिया

-धर्मवीर भारती

कविता का पुनः स्मरण ।

प्रतीकों को परिचय पाने के लिए तालिका दिखाते हैं ।

| प्रतीक | किसका प्रतिनिधित्व करता है |
|---|---|
| अभिमन्यु | जीवन की विषमताएँ (शोषण की व्यवस्था) |
| चक्रव्यूह | साधारण जनता |
| टूटा पहिया | शोषक (जानबूझकर अधर्म करने वाला) |
| अक्षौहिणी सेना | टूटा हुआ मानव मूल्य |
| महारथी | शोषण की व्यवस्था |

सही मिलान करके प्रस्तुत करने का अवसर देता है ।
प्रस्तुतीकरण का अवसर देता है ( दो - एक छात्रों से )
चर्चा चलाता है और प्रतीकार्थ समझाता है ।

| प्रतीक | किसका प्रतिनिधित्व करता है |
|---|---|
| अभिमन्यु | साधारण जनता |
| चक्रव्यूह | जीवन की विषमताएँ (शोषण की व्यवस्था) |
| टूटा पहिया | टूटा हुआ मानव मूल्य |
| अक्षौहिणी सेना | शोषण की व्यवस्था |
| महारथी | शोषक (जानबूझकर अधर्म करने वाला) |

DIET KOTTAYAM

कविता की गहराई तक ले जाने का अवसर देता है।
प्रश्न करता है।
1 .यहाँ "मैं " का प्रयोग किसके लिए किया गया है ?
टूटा पहिया ।
2.अभिमन्यु किसका प्रतीक है ?
अधर्म के विरोधी
3.अभिमन्यु को क्यों दुःसाहसी कहा गया है ?
धर्म और सत्य के लिए लड़ते साहसी हैअभिमन्यु ।
4 .किसने चक्रव्यूह रचा है ?
अक्षौहिणी सेना ने ।
5 .अभिमन्यु को किसने चुनौती दी है ?
अक्षौहिणी सेना ने
6 . 'चक्र ' का समानार्थी शब्द क्या है?

पहिया
7. कविता में "महारथी "शब्द का विशेषण शब्द क्या है?
(बडे बडे , निहत्थी , अकेली )
बडे - बडे ।
8. कविता में "सामना करना "का अर्थ होने वाला मुहावरा कौन सा है ?
लोहा लेना
9. कविता में "झूठ " शब्द का समानार्थी शब्द कौन सा है ?
असत्य

टिप्पणी लिखने का अवसर देता है ।

प्रस्तुतीकरण का अवसर देता है ( दो - एक छात्रों से )
टिप्पणी लिखते समय किन किन बातों पर ध्यान देना है ?

मूल्यांकन सूचक के बारे में परिचय देते हैं ।

<u>मूल्यांकन सूचक</u>

मूल्यांकन सूचक कवि और कविता का नाम उल्लेख करके सामग्री रूप से कविता का आशय कविता की प्रासंगिकता आदि पर टिप्पणी लिखी हैं ।शीर्षक दिया है तो 4 अंक

शीर्षक कवि और कविता लिखकर आंशिक रूप से लिखी है 3 अंक

कभी और कविता का नाम उल्लेख करके थोड़ी लिखी हैं तो 2 अंक

कविता पर टिप्पणी लिखने की कोशिश की हैं तो 1 अंक
दलों में परिमार्जन का मौका प्रदान करता है ।
टीचरवेंशन प्रस्तुत करता है ।

"पहचानो अपना महत्व "

श्री धर्मवीर भारती आधुनिक हिंदी साहित्य के प्रमुख कवि हैं ।उनसे लिखी हुई कविता हैं "टूटा पहिया "। यह महाभारत कथा के प्रसंग के आधार पर हैं । लेकिन इस कविता का संदेश वर्तमान कालीन वास्तवों से जुड़ी हुई है ।

कौरव पक्ष असत्य का था । कौरवों ने चक्रव्यूह रचे । अभिमन्यु उसको तोड़ने निकले । अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी बड़े-बड़े महारथी लोगों ने निरायुध अभिमन्यु पर ब्रह्मास्त्रों से आक्रमण किया ।निरायुध योद्धा पर ऐसा युद्ध करना उचित नहीं है । उन लोगों ने उसके रथ और धनुष तोड़ दिए ।
रथ का टूटा हुआ पहिया ही उनके लिए ढाल हुआ था ।लेकिन चक्रव्यूह से बाहर निकलने का उपाय न जानने से वीर अभिमन्यु उसी अधर्मी लोगों से मारा गया ।उसी प्रकार के अधार्मिक घटना आज भी हैं ।शासक वर्ग शासनरूपी चक्रव्यूह रच कर असहाय साधारण जनता का शोषण करता है ।किसी को भी तुच्छ समझ कर छोड़ देना नहीं चाहिए । हर वस्तु का अपना मूल्य जरूर होता है ।मानव मूल्यों के संरक्षण से ही संसार की उन्नति होगी ।

DIET KOTTAYAM

संशोधन का कार्य  चलाता है ।

## कवितांश का आशय

1.अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी

बडे-बडे महारथी

अकेली निहत्थी आवाज़ को

अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें ।

इन पंक्तियों के आशय व्यक्त करें ।

कौरव पक्ष के बड़े-बड़े महारथी जानते थे कि वह जिस पक्ष केलिए लड़ रहे है वह सत्य नही है। न्याय पांडव पक्ष के साथ है । शासकवर्ग हमेशा अपनी शक्ति और अधिकार का प्रयोग करके असहाय साधारण जनता पर आक्रमण करना चाहते है। ऐसी अवसर पर रथ का टूटा हुआ पहिया मानव-मूल्य बनकर निरायुध के हाथों में शस्त्र बन सकता है ।

2.तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ ।

इन पंक्तियों में चर्चित पौराणिक संदर्भ वर्तमान परिवेश में कहाँ तक प्रासंगिक है ?

इन पंक्तियों में चर्चित पौराणिक संदर्भ आज भी प्रासंगिक है। शासकवर्ग इस युग में भी अपनी शक्ति और अधिकार से निरायुध व्यक्ति को कुचल देना चाहते है। तब, उस शस्त्रहीन हाथों में एक टूटा हुआ पहीया ही बहुत कुछ है। शासकवर्ग अधिकार रूपी चक्रव्यूह रचकर असहाय आम जनता का शोषण करता है। सांस्कृतिक संकट की इस हालत में मानव-मूल्य ही मनुष्य को मदद करेगा ।

3.इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले

-इन पंक्तियों में कवि क्या बताना चाहते है ?

महाभारत के प्रसंग याद दिलाते हुए कवि कहते है कि निरायुध अभिमन्यू सत्य के पक्ष केलिए लड़ रहे थे । उसी प्रकार के अधार्मिक घटना आज भी है ।  समाजिक व्यवस्ता अधर्म की ओर जाए तो धर्म संस्तापना अनिवर्य है । तब अधर्म को रोकने केलिए युध्द होगा । इस युध्द में सत्य, धर्म, नीति, त्याग अदि तुच्छ सी लगनेवाली वस्तु ही अपना शस्त्र बनेगा । किसी को भी तुच्छ  समझकर छोड़ देना नही चाहिए । हर वस्तु का अपना मूल्य ज़रूर होता है ।

DIET KOTTAYAM

1) सही मिलान करें

अभिमन्यु- लघु मानव
टूटा पहिया- अधर्म
महारथी - वीर योद्धा

2) आशय समझकर सही मिलान करें

चक्रव्यूह- शोषण की व्यवस्था
अभिमन्यु -जीवन की समस्याएं
टूटा पहिया -साहसी युवा पीढ़ी
अक्षौहिणी सेना -तुच्छ मानव

3) सही मिलान करें

फँस जाना -प्रवेश करना
उपेक्षा नहीं करना- ललकार देना
घुस जाना - घिर जाना
चुनौती देना - मत फेंकना

4) रथ का पहिया - अधर्मियों का संघ है
चक्रव्यूह - दुस्साहसी है
अभिमन्यु - दुरुह
अक्षौहिणी सेना - टूटा हुआ है

मूल्यांकन संकेत

चारों का सही मिलान किया है (4)
तीनों का सही मिलान किया है (3)
दोनो का सही मिलान किया है (2)
एक मिलान सही किया है (1)

DIET KOTTAYAM

# आई एम कलाम के बहाने

## FOCUS AREA NOTES

**Prepared By**


1 Dr.SINDHUMOL T, HST HINDI ,
GVHSS THIDANADU

2 DAMODARAN PP,HST HINDI
GHS KAPPAD

3 SATHI MR, HST HINDI
GHS KUZHIMAVU

4 PREETHIMOL T P, HST HINDI
GHSS EDAKUNNAM


DIET KOTTAYAM



Presented By

**KANJIRAPPALLY EDUCATIONAL DISTRICT**

# आई एम कलाम के बहाने

आई एम कलाम के बहाने फ़िल्मी लेख का अंश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

वही मोरपाल जिसकी मेरे खाने के डिब्बे में राजमा देखते ही बाँछें खिल जाती थीं ।हमारा सौदा था खेलघंटी में खाने की अदला बदली का। यानी मेरे टिफ़िन के राजमा– चावल उसके और उसके घर से आया बड़ा–सा छाछ का डिब्बा मेरा। उसे पता था कि छाछ मेरी कमज़ोरी है।

**प्रश्न**

(क)"मेरे" में निहित सर्वनाम कौन–सा है ?


(हम,मैं, तुम) उत्तर:मैं

(ख) बाँछें खिल जाना की मतलब क्या है ?

(उदास होना,लज्जित होना,बहुत खुश होना) उत्तर: बहुत खुश होना

**प्रश्न** कोष्ठक में दिए शब्दों की मदद से वाक्यपिरमिड़ बनाएँ।

(बहुत, मोरपाल को)




DIET KOTTAYAM

## उत्तर

पसंद आया

बहुत पसंद आया

राजमा-चावल  बहुत पसंद आया

मोरपाल को राजमा -चावल बहुत पसंद आया

## प्रश्न

उपर्युक्त प्रसंग के आधार पर मिहिर और मोरपाल के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें।

## उत्तर

मिहिर    जल्दी आओ मित्र ,कुछ खाएँ ।

मोरपाल  : हाँ मिहिर

मिहिर  : तुम क्या लाए मोरपाल, ?

मोरपाल  :  छाछ ही लाया हूँ।

मिहिर  : छाछ .....मुझे बहुत पसंद है।

मोरपाल  : यह क्या है भाई?

मिहिर  : राजमा – चावल......तुम खाओ ।

मोरपाल  : राजमा – चावल !

DIET KOTTAYAM

मिहिर : हाँ, पसंद है ?

मोरपाल : पहली बार खाता हूँ। कितना स्वादिष्ट है!

मिहिर : मोरपाल,इतनी दूर से यह छाछ बिना छलकाए कैसे लाए हो?

मोरपाल : वह बडी बात नहीं।

**उत्तर**

हमारा सौदा था खाने के लेन–देन का ।

**प्रश्न**

सूचना :मोहल्ले की शादी में भी उसे वही नीली खाकी यूनिफॉर्म पहने देख मैं हैरान रह गया था। मिहिर के उस दिन की डायरी तैयार करें

DIET KOTTAYAM

## उत्तर

दिनांक

दिवस

आज का दिन मैं कैसे भूलूँ....

मोहल्ले की शादी में सबेरे गया। वहाँ प्रिय मोरपाल से मिला।

मैं नया कुर्ता पहनकर और वह ! वही नीली खाकी वर्दी में।

चकित रह गया मैं । क्यों आज भी उसी वर्दी में। स्कूल में और शादी में भी !और कपड़ा नहीं उसे ? मैं वर्दी को चिढा करता ,टाल लेता लेकिन मेरे साथी को ? दुख ...दुख के मारे नींद नहीं आती ।ज़रूर कुछ मदद दे दूँगा उसे।

## प्रश्न

कथा के अंत में कलाम को अपनी मंज़िल मिलती है ।उस दिन छोटू अपनी डायरी में क्या–क्या लिखा होगा ?

DIET KOTTAYAM

## उत्तर

| तारीख |
|---|
| दिन |

आज मेरे लिए खुशी का दिन था। स्कूल में मेरा पहला दिन ! वर्दी पर टाई बाँधकर मित्र रणविजय के साथ स्कूल बस में आना मेरा सपना था। कक्षा ,अध्यापक, पढ़ाई ,मैदान सब नया अनुभव था। जीवन में कभी इतनी खुशी नहीं मिली। क्या यह सब सच है ?आगे मैं अच्छी तरह से पढूँगा, कलाम जैसे बड़े आदमी बनूँगा ।

DIET KOTTAYAM

## प्रश्न

लूसी मैडम वादा करते हैं कि वे उसे अपने साथ दिल्ली ले कर जाएँगी कलाम के उस दिन की डायरी लिखें

दिनांक

दिवस

कैसे भूलूँ आज का दिन?

आज लूसी मैडम आई थी...

इधर चाय की दुकान में ।

मैंने बढ़िया चाय बना कर दी।

मुझसे बहुत बातें की।

मेरी चाय उन्हें भी पसंद है ।

भाटी सा के समान वे भी बहुत तारीफ़ करती हैं।

विदेशी है, फिर भी अपनापन का अनुभव होता है ।

उनसे कुछ अंग्रेज़ी शब्द सीख लिया है।

उनसे बातें करने में कितना मज़ा आता है!...

आज उन्होंने वादा की.....

" मुझे दिल्ली लेकर जाएँगी" "मुझे पढ़ाएँगी"

बहुत खुश हूँ मैं........ बहुत खुश हूँ

DIET KOTTAYAM

**प्रश्न**

स्कूल में भाषण–प्रतियोगिता चलाई गई। उसमें भाग लेते हुए कुँवर रणविजय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मान लें अगले दिन के समाचार–पत्र में प्रस्तुत घटना का रपट आ रहा है। वह **रपट** तैयार करें।

## भाषण प्रतियोगिता –रणवविजय को प्रथमस्थान

जैसलमेर : कल जैसलमेर के कोसमोस हायर सेंकन्टरी स्कूल में एक भाषण प्रतियोगिता चलाई गई। ढाणी के राणा सा का बेटा कुँवर रणविजय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। पुरस्कार प्राप्ति के बाद उसने कहा कि उसके दोस्त कलाम ने यह भाषण तैयार किया था। इसलिए यह पुरस्कार उसके लिए है। रणविजय की हिंदी उतनी अच्छी नहीं थी। इसलिए दोस्त ने तैयार किया था। उनके बीच की दोस्ती की अनूठी निशानी भी है यह पुरस्कार प्राप्ति। पुरस्कार वितरण स्कूल के प्रधानाध्यापक ने किया। ढाणी में कुँवर के विजय पर खुशी मनाई गई।

DIET KOTTAYAM

भाषण प्रतियोगिता में रणविजय प्रथम पुरस्कार पाता है। इस बीच राणा सा के कारिंदे कलाम के घर तलाशी लेने आते हैं और वहाँ कुँवर रणविजय की चीज़ों को पा कलाम पर चोरी का आरोप लगाते हैं । इस पर रणविजय दु:खी हो जाता है....लिखें रणविजय की डायरी

**उत्तर**

तारीख

दिन

कैसे भूलूँ आज का दिन ?

बहुत खुशी से स्कूल से आया था। भाषण में प्रथम स्थान मिला था। वह भी छोटू की मदद से ....उसने ही भाषण लिखकर दिया ......मुझे पढ़ाया । ट्रॉफी उसे दे दूँ ... कुछ और इनाम दूँ –ऐसा विचार था..

लेकिन।

क्या करूँ..?

वह गायब है।

उस पर चोरी का आरोप लगाया था। मैंने उसे इनाम के रूप में उन चीज़ो को दिया । वह.....मेरा प्रिय दोस्त.... उसने मेरा नाम नहीं बताया ।हमारी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ा।

आँखें भर जाती है...हे भगवान..मेरे मित्र की भला करें....।

DIET KOTTAYAM

## प्रश्न

सही मिलान करें

| | |
|---|---|
| रोज़ स्कूल जाना | मोरपाल को बुरी लगती थी |
| मिहिर का मित्र मोरपाल | यूनिफ़ार्म पहनकर आता था |
| रविवार की छुट्टी | मिहिर को पसंद नहीं था |
| शादी में मोरपाल | रोज़ स्कूल आता था |

## उत्तर

| | |
|---|---|
| रोज़ स्कूल जाना | मिहिर को पसंद नहीं था |
| मिहिर का मित्र मोरपाल | रोज़ स्कूल आता था। |
| रविवार की छुट्टी | मोरपाल को बुरी लगती थी |
| शादी में मोरपाल | यूनिफ़ार्म पहनकर आता था |

सही मिलान करें

प्रत्येक पात्र क्या करता था

<table>
<tr><td rowspan="2">मोरपाल</td><td>कीमती कपड़े खरीदता था ।</td></tr>
<tr><td>घर से राजमा लाता था।</td></tr>
<tr><td rowspan="2">मिहिर</td><td>राजमा देखते ही खुश होता था।</td></tr>
<tr><td>छाछ का डिब्बा लाता था।</td></tr>
</table>

DIET KOTTAYAM

## उत्तर

<table>
<tr><td rowspan="2">मोरपाल</td><td>छाछ का डिब्बा लाता था</td></tr>
<tr><td>राजमा देखते ही खुश होता था</td></tr>
<tr><td rowspan="2">मिहिर</td><td>घर से राजमा लाता था</td></tr>
<tr><td>कीमती कपड़े खरीदता था</td></tr>
</table>

उसके हाथ की बनाई चाय में जादू है। भाटी सा भी उसकी कलाकारी की वाहवाही करते नहीं थकते। इस प्रसंग के आधार पर कलाम और भाटी सा के बीच का वार्तालाप तेयार करें

## कलाम और भाटी सा के बीच का वार्तालाप

कलाम : प्रणाम भाटी मामा ।

भाटी मामा : खुश रहो बेटा।

कलाम : आप चाय पीजिए ।

भाटी मामा :चाय ......तुमने बनाई ?

कलाम :हाँ जी।

भाटी मामा : अरे वाह !

कलाम :कैसे हैं भाटी मामा ?

भाटी मामा :इस चाय में जादू है।

कलाम : आपको पसंद आई ?

भाटी मामा :बिल्कुल पहली बार ऐसी चाय पीता हूँ।

कलाम : सही ?

भाटी मामा :यह तो कलाकारी है । इसलिए आजकल ज़्यादा विदेशी लोग इसी दूकान में आते हैं।ज़रूर ऐसा ही होगा

DIET KOTTAYAM

कलाम :धन्यवाद भाटी मामा ।

**प्रश्न** वाहवाही करने का समानार्थी शब्द क्या है ?

(क) अपमान करना

(ख) प्रशंसा करना

(ग) निरीक्षण करना **उत्तर** प्रशंसा करना

**प्रश्न** आपके स्कूल में "आई एम कलाम के बहाने" नामक फिल्म का प्रदर्शन होने वाला है । फिल्म प्रदर्शन के लिए पोस्टर तैयार करें।

**आई एम कलाम के बहाने**

**फिल्म का प्रदर्शन**

2020 सितंबर 23 बुदवार

स्थान: स्कूल सभागृह समय:दोपहर 4 बजे

निदेशक:नील माधव पांडे

प्रसतुतीकरण : दसवीं कक्षा के छात्र

सब आईए ...

देखिए " छोटू और रणविजय की दोस्ती

सबके दिल जीत लेंगे"

**सबका हार्दिक स्वागत**

DIET KOTTAYAM

प्रश्न

**छोटू उर्फ  कलाम ने में राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को देने के लिए एक पत्र लिखा ।बह पत्र कैसे होगा**

उत्तर

स्थान

तारीख

आदरणीय राष्ट्रपति साहब,

नमस्कार। मैं ढाबे में काम करने वाला बच्चा हूँ। नाम है छोटू ।लेकिन मुझे छोटू नाम अच्छा नहीं लगता । मैं अपने को कलाम मानता हूँ। पिछले दिन टीवी में आप का भाषण सुना ।बहुत अच्छा लगा ।आपने सचमुच मेरी जिंदगी बदल दी।मैं पढ़ लिखकर आप जैसे बनना चाहता हूँ।लेकिन बडा गरीब हूँ।स्कूलजाना मेरा सपना है।लूसी मैडम ने आपसे मिलवाने का वादा किया था। मालूम है आपको बच्चे बहुत पसंद है ।आप कृपया मेरी मदद कीजिए ।धन्यवाद जी ।

आपका आज्ञाकारी

नाम

हस्ताक्षर

सेवा में ,

नाम

पता

DIET KOTTAYAM

## प्रश्न

मान ले कई सालों के बाद में मिहिर मोरपाल से मिलता है ।लिखें दोनों के बीच का वार्तालाप

## उत्तर

मिहिर :अरे मोरपाल ..... मोरपाल है ना?

मोरपाल : हाँ.. मेरा मित्र मिहिर

मिहिर : हाँ ..इधर तू ?

मोरपाल : बाज़ार आया ।

मिहिर : अब भी खेती करता है ।

मोरपाल : हाँ मित्र.. सब्जी बेचने के लिए आया था ।और तू यहाँ ?

मिहिर : इधर एक साहित्य सम्मेलन में आया था ।

मोरपाल :वाह !कितनी अच्छी बात है !तेरी तस्वीर एक पत्रिका में देखी थी

मिहिर : पत्रिका में।

मोरपाल :हाँ मेरी बेटी ने दिखाया ।उससे मैं बोला था हमारी दोस्ती के बारे में ।

मिहिर :कितने बच्चे हैं ?

मोरपाल : बस एक और तेरे ?

मिहिर :मेर एक बेटा ।

मोरपाल : स्कूल जाते समय तेरे जैसा वह रोता है ?

मिहिर :हाँ बिल्कुल मेरे जैसा। आज भी तेरे छाछ का स्वाद याद

DIET KOTTAYAM

करता हूँ।

मोपाल : तेरे राजमा चावल अब भी मन भरता है ।

मिहिर :गाँव आते समय ज़रूर तुझ से मिलूँ ।

मोरपाल : मेरी किस्मत।

प्रश्न

**सूचना : आई एम कलाम के बहाने फ़िल्मी लेख का अंश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| एक बार तो मुझे याद है कि मोहल्ले की किसी शादी में भी उसे वही नीली–खाकी स्कूल यूनिफॉर्म पहने देख में हैरान रह गया था। |

1 सही प्रस्ताव चुनकर लिखें

(क) शादी में भी मिहिर स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर आता था ।

(ख) शादी में भी मोरपाल स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर आता था ।

(ग) शादी में भी छोटू स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर आता था ।

(घ) शादी में भी रणविजय स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर आता था ।

उत्तर

शादी में भी मोरपाल स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर आता था ।

2 कलाम दिल्ली पहूँचता है (कलाम की जगह लूसी मैडम शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें )

उत्तर

लूसी मैडम दिल्ली पहूँचती हैं।

DIET KOTTAYAM

3 नीली–खाकी यूनिफॉर्म इन में विशेषण शब्द कौन–सा है ?

उत्तर नीली–खाकी

‘जिस स्कूल में बिताए समय को मैं अपने बचपन का सबसे खराब समय समझ करता था, शायद वही मोरपाल के लिए उसके जीवन का सबसे अच्छा समय होता था।’

प्रश्न

यह प्रसंग पढ़ें, मिहिर और मोरपाल की दोस्ती पर टिप्पणी लिखें

टिप्पणी लिखें।

उत्तर

दोस्ती जीवन की अनमोल संपत्ति है ।उसे मोरपंख जैसे संभालना बचपन की खासियत है ।मोरपाल और मिहर की दोस्ती भी ऐसी थी।वे गाँव के स्कूल में साथ साथ पढ़ते थे। दोनों की बैठने की जगह भी साथ ही थी।मोरपाल गरीब लड़का था और मिहिर अमीर ।मोरपाल स्कूल से बहुत दूर की एक गाँव में रहता था। यद्यपि मिहिर को स्कूल जाना पसंद नहीं था, तो भी वह मोरपाल की दोस्ती चाहता था। दोनों अपने मित्र की पसंदीदा चीज़ें लाकर खाने के समयअदला –बदली करते थे।मित्र का ख्याल और मित्रता का खयाल दोनों की विशिष्टता इनकी दोस्ती में दिखाई देती है ।

( मोरपंख –മയിൽപ്പീലി खासियत–വിശേഷത,പ്രത്യേകത)

DIET KOTTAYAM

## छोटू की चरित्रगत विशेषताएँ

- उत्साही
- इच्छा पर अड़िग रहनेवाला
- आत्मविश्वासी
- अपनी अवस्था पर दुखी नहीं रहनेवाला
- हँसमुख
- महत्वाकांक्षी
- मददगार
- दोस्ती का प्रण नहीं तोड़नेवाला

टिप्पणी लिखें

- **कलाम और रणविजय की दोस्ती**

छोटू उर्फ कलाम गरीब लडका था तो राणा का बेटा रणविजय अमीर । दोनों के बीच दोस्ती हो जाती है और वे

DIET KOTTAYAM

एक दूसरे से बहुत प्यार करते हैं।स्कूल जाकर पढ़ना कलाम का सपना था। रणविजय कलाम को अंग्रेजी सीखने में मदद करता है आलम रणविजय को हिंदी सीखने में मदद करता है । कलाम की सहायता से रणविजय को हिंदी भाषण में प्रथम स्थान भी  मिल जाता है ।दोस्त को बचाने के लिए कलाम चोरी का आरोप भी स्वयं लेता है। इस प्रकार कलाम अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता है।

## प्रश्न

**कोष्ठक में दिए शब्दों की मदद से वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें ।**

**(आठवीं के बाद,मोरपाल का)**




DIET KOTTAYAM

## उत्तर

छूट जाता है

स्कूल छूट जाता है

मोरपाल का स्कूल छूट जाता है

मोरपाल का स्कूल आठवीं के बाद छूट जाता है

DIET KOTTAYAM

# सबसे बड़ा शो मैन

जीवनी

गीत चतुर्वेदी

। गाते गाते   अचानक माँ की आवाज़ ………………… स्टेज से हटने मजबूर कर दिया ।

मुख्य बिंदु

- चार्ली के माँ को स्टेज से हटना पड़ा
- माँ की  गला खराब होना
- आवास फुसफुसहट में बदलना
- गा नहीं पाया
- लोगं चिल्लाने लगे
- हॉल में अभद्र शोर
- माँ को  स्टेज से हटने को मजबूर कर दिया

DIET KOTTAYAM

## प्रश्न और उत्तर

1 सबसे बड़ा शो मैन किसकी जीवनी का अंश है ?

चार्ली चाप्लिन का

2 इसके रचयिता कौन है

गीत चतुर्वेदी

3 गाते समय किस की आवाज़ फटकर   फुसफुसहट में तब्दील

हो गई ?

चार्ली चाप्लिन की माँ की

4 इस पर लोगों ने क्या सोचा ?

माईक में कुछ खराबी आ गई

5 लोग क्या करने लगे?

लोग चिल्लाने लगे

6 लोग क्यों चिल्लाने लगे

गाते वक्त चार्ली की माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसहट में बदलने से

7 चार्ली की माँ स्टेज से हटने को मजबूर हो गई क्यों ?

गाते वक्त माँ की आवाज़ फुसफुसहट में बदल गई ।लोग चिल्लाने लगे। इसलिए स्टेज से हटने को मजबूर हो गई।

8 गाते गाते माँ की आवाज़ फुसफुसहट में बदल हो गई ।लोग चिल्लाने लगे ।इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने कोमजबूर कर दिया ।इस प्रसंग के आधार पर माँ की डायरी तैयार करें

तारीख

दिन

आज मेरे लिए दुख का दिन था। प्रेसिडनसी हाँल की बेडी भीड के सामने गाते समय अचानक मेरी आवाज फटकर फुसफुसहटबदल

DIET KOTTAYAM

गई। लोग चिल्लाने लगे ।हाल के अभद्र शोर मुझे स्टेज से हटने को मजबूर कर दिया। इसी प्रकार गला खराब होने मेरे लिए पहला अनुभव था।

9 इस हभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मजबूर कर दिया

उस समय माँ की हालत कैसी होगी ?

उसी समय माँ ने बहुत तनाव का अनुभव किया होगा ।लोगों की चिल्लाहट सुनकर उनको निराशा हुई होगी। बहुत दुखी होकर वह स्टेज से चली होगी।

चार्ली को वह अक्सर अपने...................... वह जैसे ही मिली गाना सजने लगा।

DIET KOTTAYAM

II मैनेजर की जिद और उसका नतीजा

- चार्ली अपनी माँ के साथ थियटर जाता था ।
- पर्दे के पीछे वह आवाज़ के तमाशे देख रहा था।
- माँ और मानेजर के बीच बहस
- चार्ली अपने माँ के दोस्तों के सामने अभिनय करता था।
- मैनेजर वह देखता
- मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद किया
- अंत में माँ चार्ली को स्टेज पर ले चला
- लोगों से कुछ बचाव का शब्द कहा

- 
- चार्ली को स्टेज में अकेला छोड़ आया
- छार्ली ने मशहूर गीत "जैक जॉन्स "गाया
- ओरकस्ट्रेवाले गाने सजने लगा

1 चार्ली पर्दे के पीछे खड़ा तमाशा देख रहा था। तमाशा क्या थी?

माँ की आवाज़ फुसफुसाहट में बदलने की तमाशा

2 किन–किन के बीच बहस होती थी ?

माँ और मैनेजर के बीच

3 मैनेजर क्या ज़िद की?

चार्ली को स्टेज पर भेजने के ज़िद की

माँ : नहीं नहीं वह बच्चा है केवल 5 साल का छोटा बच्चा

मैनेजर : तो क्या

माँ : इस उग्र भीड़ को वह झेल नहीं पायेगा

मैनेजर : आप निश्चिंत होकर उसे स्टेज पर ले चलिए

माँ :मुझे डर लगती है

मैनेजर :चार्ली पेरफोमन्स अच्छी तरह करेगा आप उसे स्टेज पर ले चलिए

माँ :जी आपकी मर्जी

DIET KOTTAYAM

मैनेजर और चार्ली के बीच का वार्तालाप

माँ : बैटा चार्ली

चार्ली :क्या माँ क्या हुआ ?

माँ : बेटा लोग चिल्ला रहे हैं उन्हें शान्त कराना है

चार्ली :क्या करना माँ बताइए

माँ : मानेजर साहब कहता है तुम स्टेज पर जाकर कुछ करो

चार्ली : मैं ? ..मुझे क्या आता है

माँ : मेरे दोस्तों के सामने तुमने जो किया वही स्टेज पर जाकर करेंगे

चार्ली : इतना है तो मैं करूंगा माँ

माँ : तो मेरे साथ चलो बेटा

DIET KOTTAYAM

## प्रश्न और उत्तर

1 चार्ली के गाना सुनकर लोगों ने क्या किया ?

पैसे स्टेज पर फेंकने लगा

2 चार्ली ने क्या घोषणा की ?

पहले पैसे बटोरूगा और उसके बाद ही गाऊंगा

3 चार्ली क्यों गाने रोक दिया ?

पैसा बटोरने के लिए

4 चार्ली की घोषणा की नतजा क्या थी ?

चार्ली की बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया।

5 मैनेजर क्यों रुमाल लेकर स्टेज पर आया ?

पैसा बटोरने के लिए

6 चार्ली क्यों मैनेजर के पीछे पीछे गया ?

चार्ली को लगा की मैनेजर खुद पैसे रख लेना चाहता है ।इसलिए ऐसा किया

7 मैनेजर पैसे की पोटली किस को सौंप दिया ?

माँ को

8 इस बात ने हॉल के हँसीघर में तब्दील कर दिया ।क्यों ?

चार्ली ने घोषणा की कि पैसे बटोरने के बाद गाऊंगा । केवल पाँच साल की मासूम बच्चे की बात ने हॉल को हंसी घर में तब्दील कर दिया ।

चार्ली ने जनता में ..................उसने जन्म ले लिया था ।

**चार्ली का पहला शो**

- चार्ली जनता में गुदगुदी फैला दी
- दर्शकों से बातचीत
- मृत्य करना
- अपनी माँ सहित गायकों की नकल उतारना

DIET KOTTAYAM

- माँ उसे लेने स्टेज पर आयी
- लोगों ने खड़े होकर तालियाँ बजाई
- छोटे बच्चे की तारीफ़ की

दुनिया के सबसे बड़ा शो मैन का जन्म

## चार्ली की माँ का उस दिन की डायरी

तारीख

दिन

आज मेरे लिए अविस्मरणीय दिन था ।दुख और खुशीभरायह दिन में कैसे भूलूँ। आज गाते समय मेरी आवाज पुसफसाहट में बदल गई और गा नहीं पाया । लोग चिल्लाने लगे ।मैनेजर के ज़िद के कारण मेरे चार्ली को स्टेज पर ले गया। दर्शकों के सामने खड़े होकर मशहूर गायक जैक जँन्स का गाना गाया ।नृत्य किया और गायकों की नकल उतारी।दर्शकों को खुश किया। वे मुझ से हाथ मिलाकर मेरे बेटे की तारीफ़ की । आज स्टेज पर मेरा आखिरी दिन था । फिर भी मैं खुश हूँ । क्योंकि मेरे बच्चा आगे शो करेगा । यही मेरा विश्वास है।

DIET KOTTAYAM

## चार्ली की डायरी

दिन

तारीख

आज मेरे लिए खुशी का दिन है ।क्योकि मैं पहली बार तस्टेज पर गाया ।माँ की आवाज़ खराब होने लोग शोर मचा रहे थे । मैनेजर के कहने पर माँ मुझे स्टेज पर ले गया । मैं डर गया था ।फिर भी मशहूर गीत जैक जॉन्स गाना शुरू किया ।लोग पैसा स्टेज पर फेंकने लेगा। मैनेजर पैसे बटोरकर माँ को सौप दिया ।मैं लोगों से बातचीत करके,नृत्य करके माँ सहित कई गायकों की नकल उतार कर सबको खुश किया। मेरा यह पहला शो था ।

मेरा यह पहला शो हमेशा यादों में रहेगा।

दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था ।इस घटना पर एक रपट तैयार करें

DIET KOTTAYAM

## रपट

## <u>नए शो मैन का उदय</u>

लंदन :कल शहर के प्रेसिडेंसी हॉल को 5 साल का बच्चा चार्ली चैप्लिन ने हँसी घर बना दिया ।प्रसिद्ध गायिका हन।ना का पुत्र है चार्ली।शो के बीच में हन्ना की आवाज पुट गई ।लोगों को शांत बनाने के लिए हन्ना ने मैनेजर के आदेशानुसार चार्ली को स।टेज भेजा। उसने जैक जॉन्स प्रस्तुत किया । चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी। फिर उससे बातचीत करके, नृतय करके,गायकों की नकल करके दुनिया को बताया "मैं भी एक बडा शो मैन हूँ"

मूल्य बिंदुएं - value points

ഇത് ഓരോ ഉത്തരത്തിനും പരിചയപ്പെടുത്തുമ്പോൾ എല്ലാ തരത്തിലുമുള്ള പഠിതാക്കൾക്ക് വിവിധ തലങ്ങളിലായി ഉത്തര നിർമ്മാണം സാധ്യമാക്കാനാകും. അതിനനുസരണമായി സ്കോറും നേടാനാകും.

## डायरी

1 गठन (basic structure)

2 स्वाभाविक भाषा का प्रयोग

3 अनुभवों की संक्षिप्त अभिव्यक्ति

## वार्तालाप

1 प्रसंगानुकूल भाषा

2 सरल एवं स्वाभाविक भाषा

3 शैली

## रिपोर्ट

1 उचित शीर्षक
2 स्थान की स्पष्टता
3 सही रूप से संकलित (matter collection)
4 क्रमबद्धता

## पोस्टर

1 गठन
2 आकर्षक हो
3 संक्षिप्त हो
4 आशय स्पष्ट हो

## पत्र

1 रूपरेखा का पालन
2 प्रसंगानुकूल हो
3 पत्र की शैली
4 कल्पना के अनुसार आकर्षक बनाया हो

DIET KOTTAYAM

समाचार

1 मुख्य घटना को पहचान लिया हो
2 घटना का सही विवरण
3 ललित भाषा शैली
4 उचित शीर्षक

पटकथा

1 दृश्य संख्या एवं समय का उल्लेख (दिन, रात, दोपहर, प्रभात etc)
2 दृश्य का वर्णन (कहाँ)
3 पात्रों का उल्लेख और वेष- भूषा
4 प्रसंगानुकूल , पात्रानुकूल स्वाभाविक भाषा।

DIET KOTTAYAM